>

Title: Need to open a 'Sainik School' in Churu Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री राम सिंह कस्वां (चुरू) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र चुरू राजस्थान में सैनिक स्कूल खोलने की मांग वर्षों से की जा रही है, इस क्षेत्र में काफी सैनिक सेना में कार्यरत हैं, यह वीरों की भूमि है, यहां के लोगों ने देश की आन एवं मान के लिए अपने प्राण न्यौछावर किये हैं। कारगिल व उसके बाद भी इस क्षेत्र के काफी नौजवान शहीद हुए हैं। मेरी गृह तहसील राजगढ़ जिला चुरू के राजस्थान में सबसे अधिक नौजवान शहीद हुए हैं। पूर्व की केन्द्र सरकार के समय तत्कालीन रक्षा मंत्री ने मेरे एक प्रश्न के उत्तर में लोक सभा में चुरू जिले में एक सैनिक स्कूल खोलने का आश्वासन भी दिया था, लेकिन काफी समय गुजरने के पश्चात भी आज तक उसमें कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

मेरी सरकार से मांग है कि इस क्षेत्र की मांग एवं आवश्यकता को देखते हुए चुरू में एक सैनिक स्कूल खोलने के आदेश जारी करें।